(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री सुखराम): (क) क्रमशः 119 और (एक)।

(ख) और (ग) जी, हां। सरकार पंचायत ग्रामों में, जहां व्यवहार्य हो, सार्वजनिक टेलीफोनों से एस टी डी सुविधा प्रदान करने की योजना बना रही है।

(घ) उपर्युक्त (ग) को देखते हुए रशन नहीं उठता।

रेडियो टेलिफोन स्टेशनों की स्थापना

6. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे: क्या संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने देश के दूरदराज के क्षेत्रों और पहाड़ी इलाकों के लिए रेडियो स्टेशन स्थापित किए हैं;

(ख) यदि हां, तो 1 जनवरी, 1994 की स्थिति के अनुसार कार्यरत रेडियो टेलीफोन स्टेशनों का राज्यवार, ब्यौरा क्या है;

(ग) महाराष्ट्र के शोलापुर जिले में कार्यरत रेडियो टेलीफोन स्टेशनों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त प्रत्येक रेडियो स्टेशन को अपने सुचारू कार्यकरण में कोई कठिनाइयां पेश आ रही हैं;

(ङ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है, और

(च) सरकार इन रेडियो स्टेशनों के कार्यकरण में सुधार करने के लिए क्या-क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी, हां।

(ख) ब्यौरा एकत्र किया जा रहा है और इसे सदन-पटल पर रख दिया जाएगा।

(ग) 31.01.94 की स्थिति के अनुसार शोलापुर जिले के 119 पंचायत गावों में, रेडियो प्रणाली काम कर रही हैं।

(घ) जी नहीं।

(ङ) उपर्युक्त (घ) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(च) निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:—

(I) आवश्यक अवसंचारनात्मक सुविधाएं जैसे वाहन, कर्मचारी, अतिरिक्त पुर्जे और परीक्षण उपस्कर नियमित रूप से प्रदान किए जा रहे हैं।

(II) उपस्करों के निष्पादन का उपयुक्त नियंत्रण और अनुवीक्षण किया जा रहा है।

(III) ग्रामीण नेटवर्क में, अधिक विश्वसनीय माध्यम जैसे, अधुनातन प्रौद्योगिकी के रेडियो उपस्कर शामिल किए जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में ग्राम-पंचायतों में टेलीफोन सेवाएं

7. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रत्येक ग्राम-पंचायत में टेलीफोन कनेक्शन प्रदान करने की कोई नीति बनायी है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना के अन्तर्गत महाराष्ट्र के प्रत्येक जिले में दिए गए टेलीफोन कनेक्शनों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 1994 तक सरकार कौन-कौन सी ग्राम-पंचायतों को टेलीफोन कनेक्शन उपलब्ध कराने का विचार रखती है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी, हां।

(ख) 31.1.94 तक महाराष्ट्र में 11666 पंचायत ग्रामों को टेलीफोन सुविधा प्रदान कर दी गई है। इसका जिला-वार ब्यौरा विवरण में दिया गया है (नीचे देखिये)

(ग) वर्ष 1993-94 के दौरान 6000 पंचायत ग्रामों को टेलीफोन सुविधा प्रदान किए जाने का प्रस्ताव है। इसके लिए पंचायत ग्रामों का चुनाव तकनीकी व्यवहार्यता पर निर्भर करता है।